दूरभाषी : 022-2286 2796
Telephone : 022-2286 2796
फैक्स : 022-2204 8476 /
Fax : 022-2282 4354

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
परमाणु ऊर्जा विभाग
DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY

अणुशक्ति भवन
छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग,
मुंबई - 400 001
Anushakti Bhavan
Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg,
MUMBAI - 400 001

संदर्भ: 13(1)/2025/पीए एंड एमआईडी

अक्टूबर 2025

## प्रेस विज्ञप्ति संख्या 5/2025

## परमाणु ऊर्जा विभाग विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत की गई पहलों के माध्यम से स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में कार्य कर रहा है

परमाणु ऊर्जा विभाग ने विशेष अभियान 5.0 के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। विभाग और उसकी घटक इकाइयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/एआई द्वारा लक्ष्यों को 31 अक्टूबर 2025 तक पूरा करने के लिए विभिन्न पहलें और उपाय किए जा रहे हैं। अभियान अवधि के दौरान विभाग 14520 फाइलों की समीक्षा करेगा, जिनमें से 4728 फाइलों की समीक्षा 17.10.2025 तक की जा चुकी है, छंटनी के लिए 3613 फाइलों की पहचान की गई है और 2633 फाइलों की छंटाई की जा चुकी है। विभाग और उसकी घटक इकाइयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/एआई द्वारा 169 स्वच्छता अभियान भी चलाए जाएँगे। 47 स्वच्छता अभियान 17.10.2025 तक चलाए जा चुके हैं। विभाग का लक्ष्य एक महीने तक चलने वाले अभियान के दौरान लक्ष्यों को पूरा करना है।

विभाग के अंतर्गत एक सहायता प्राप्त संस्थान, साहा परमाणु भौतिकी संस्थान (एसआईएनपी), कोलकाता ने समाज को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए एक पहल की, जिसे टीम वर्क के साथ सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है। एसआईएनपी ने विधाननगर नगर पालिका के परामर्श से, एसआईएनपी के आवासीय परिसर, मेघनाद साहा आवासन-I से सटे नगरपालिका के एक बंद कूड़ेदान में भारी मात्रा में बचे हुए कचरे को साफ किया और उचित कचरे के पुनर्चक्रण और निपटान के लिए कॉम्पैक्टर मशीन को नगरपालिका को सौंप दिया। स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और आस-पास के कार्यालय प्रतिनिधियों की मदद से, क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया और पौधे लगाए गए। कचरे को आगे न फेंकने के लिए जागरूकता पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं, जो उचित स्वच्छता और एक स्थायी पर्यावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

डॅनियल बाबू

(डॅनियल बाबू पी)
प्रमुख, जन जागरूकता एवं
मीडिया संपर्क प्रभाग